एक नजर में

गेहूं उपार्जन की तैयारियों को लेकर समीक्षा

राजगढ़ 18 मार्च, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में आगामी गेहूं उपार्जन कार्य को सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पूर्व सुनिश्चित की जाएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े. उन्होंने तौल कांटे, बारदान, परिवहन, भंडारण तथा पेयजल एवं छाया जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. बैठक में बताया गया कि जिले में निर्धारित उपार्जन केंद्रों पर पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की जाएगी. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि उपार्जन प्रक्रिया मं पारदर्शिता एवं सुगमता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए. इसके लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपार्जन कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा समय-समय पर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग की जाए.

एनएसयूआई की ब्लॉक कार्यकारिणी घोषित

सारंगपुर 18 मार्च, सं. पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह व कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह व प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे की अनुसंशा के बाद जिला अध्यक्ष जगमोहन वर्मा की सहमति से ब्लाक अध्यक्ष पवन राज ने भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की ब्लॉक कार्यकारणी की घोषणा की. जिसमे गौतम सुरावत, सारे अली खान, नितिन गुर्जर, अरबाज मेव, अलराज कुरैशी, सोहेल, राम पाल हाड़ा, आशुतोष भिलाला, अजय सुरावत, आनंद राजपूत, शारूख मंसूरी, शिव प्रताप सिंह, अलफेज मेव, अभिषेक कछावा, रवि खाती, लक्ष्मण राजपूत, विशाल राजपूत, अरुण वर्मा, राजपाल, बिन्दास मालवीय, विजेन्द्र राजपूत, अजप सिंह सोलंकी आदि को नियुक्ति किया गया.

एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

राजगढ़ 18 मार्च, का. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 08 मार्च, 2026 के उपलक्ष्य में बालिका सुरक्षा जागरूकता, किशोर न्याय अधिनियम, 2015 एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत सभागार में किया गया. कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में आरंभ संस्था की संचालक श्रीमती अर्चना सहाय द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया. प्रशिक्षण अंतर्गत श्रीमती सहाय द्वारा बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों को बालकों के साथ हो रहे शोषण एवं लैंगिक अपराधों की धाराओं को प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार पूर्वक बताया गया. जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्याम बाबू खरे द्वारा जिले के किशोर न्याय बोर्ड तथा बाल कल्याण समितियों के द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बालकों के कल्याण कार्यों के बारे में विस्तार से बताया.

टेस्टिंग पूरी, तीन महीने बाद राजगढ़ से कोटा चलेगी ट्रेन

130 किमी प्रति घंटे की स्पीड से ट्रेन परिचालन का सफल परीक्षण, तीन महीने में नियमित ट्रेन पहुंचेगी राजगढ़ तक

स्टेशन पहुंचे सैकड़ों लोग

सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यम से जैसे जैसे लोगों को ट्रेन के प्रथम आगमन की सूचना मिली वैसे ही लोग बड़ी संख्या में रेलवे स्टेशन पहुचने लगे. दिनभर राजगढ़ स्टेशन पर सामान्य बड़े स्टेशन की तरह लोगो का हुजूम देखा गया. जिसको पुलिस बल नियंत्रित करते देखे गए. इस सफल निरीक्षण के साथ ही क्षेत्रवासियों का वर्षों पुराना इंतजार अब खत्म होने के करीब है. यदि सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो आने वाले तीन महीनों में कोटा से राजगढ़ तक ट्रेन की सीटी गूंजने लगेगी.

कोटा से राजगढ़ तक जल्द दौड़ेगी यात्री ट्रेन खिलचीपुर-राजगढ़ खंड का सफल सीआरएस निरीक्षण

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 18 मार्च, का. बहुप्रतीक्षित रामगंज मंडी भोपाल नई रेल लाइन परियोजना अब अंतिम चरण में पहुंचती नजर आ रही है. बुधवार को खिलचीपुर से राजगढ़ सिटी करीब 17.8 किमी खंड का रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) गुरु प्रकाश द्वारा विस्तृत निरीक्षण किया गया.

इस दौरान 130 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से सफल स्पीड ट्रायल भी किया गया, जिससे इस रूट पर यात्री ट्रेन संचालन का रास्ता लगभग साफ हो गया है. निरीक्षण के दौरान सीआरएस गुरु प्रकाश ने पश्चिम मध्य रेलवे के अधिकारियों और तकनीकी दल के साथ करीब 3 घंटे तक मोटर ट्रॉली के जरिए खिलचीपुर से राजगढ़ स्टेशन तक पूरे ट्रैक का निरीक्षण किया गया. इस दौरान ट्रैक की गुणवत्ता, स्थिरता, सीधाई, पुल-पुलिया, लेवल क्रॉसिंग, अंडरपास, सिग्नलिंग और दूरसंचार व्यवस्थाओं की विस्तृत जांच की गई. सीआरएस गुरु प्रकाश ने नवभारत से चर्चा में बताया कि सभी तकनीकी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है और अब तक की जांच में अधिकांश बिंदु संतोषजनक पाए गए है. उन्होंने संकेत दिए कि ट्रॉली सर्वे और स्पीड ट्रायल के बाद ट्रेन संचालन को हरी झंडी मिलने की संभावना मजबूत हो गई है.

5 जिलों को मिलेगा सीधा रेल कनेक्शन

यह रेल परियोजना कोटा, झालावाड़, राजगढ़, सीहोर और भोपाल सहित पांच जिलों को सीधे जोड़ने का काम करेगी. साथ ही कालीसिंध थर्मल पावर प्लांट तक कोयला परिवहन का रास्ता भी करीब 42 किमी छोटा हो जाएगा, जिससे माल ढुलाई लागत में कमी आएगी. रामगंज मंडी, झालरापाटन, असनावर, अकलेरा, घाटोली, भोजपुर और खिलचीपुर जैसे स्टेशनों से गुजरने वाली यह लाइन ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों के लाखों लोगों के लिए शिक्षा, रोजगार, चिकित्सा और व्यापार के नए अवसर खोलेगी.

3 महीने में शुरू होगी यात्री सेवा

निरीक्षण के दौरान मौजूद कोटा मंडल के डी.आर.एम. अनिल कालरा ने नवभारत को बताया कि आगामी तीन महीनों के भीतर कोटा से राजगढ़ तक यात्री ट्रेन सेवा शुरू कर दी जाएगी. उन्होंने कहा कि फिलहाल राजस्थान के घाटोली और अकलेरा तक चल रही पैसेंजर ट्रेनों को ही प्रारंभिक रूप से बढ़ाकर राजगढ़ तक लाया जाएगा.

परियोजना को मिली रफ्तार

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन के अनुसार 276 किलोमीटर लंबी इस महत्वाकांक्षी परियोजना में रामगंज मंडी से ब्यावरा तक लगभग 165 किमी हिस्सा कोटा मंडल के अंतर्गत आता है. मंडल द्वारा तेजी से कार्य करते हुए रामगंज मंडी से खिलचीपुर तक ट्रैक और अधिकांश आधारभूत ढांचा तैयार कर लिया गया है. इससे पहले फरवरी 2025 में नयागांवपुरा कुमार खिलचीपुर और जुलाई 2025 में जरखेड़ा शामपुर खंड का सफल सीआरएस निरीक्षण हो चुका है.

100 किमी कम होगी दूरी, 2-3 घंटे की बचत

नई रेल लाइन शुरू होने के बाद कोटा और भोपाल के बीच यात्रा में बड़ा बदलाव आएगा. वर्तमान में यात्रियों को नागदा, उज्जैन या बीना होकर लंबा चक्कर लगाना पड़ता है, लेकिन नई लाइन से करीब 100 किलोमीटर दूरी कम होगी और यात्रा समय में 2 से 3 घंटे की बचत होगी.

समय-सीमा में प्रकरणों के निराकरण के निर्देश

राजगढ़ 18 मार्च, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व अधिकारियों (आरओ) की बैठक आयोजित की गई. बैठक में अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी ब्यावरा गोविंद दुबे, अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी सारंगपुर रोहित बम्होरे एवं अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी राजगढ़ श्रीमती निधि भारद्वाज सहित जिले के समस्त तहसीलदार उपस्थित रहे. बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने आरओआर एंट्री, फार्मर रजिस्ट्री, सीएम हेल्पलाइन तथा धारणाधिकार से संबंधित प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने राजस्व वसूली की एंट्री पोर्टल पर दर्ज नहीं किए जाने पर नायब तहसीलदार चाटुखेड़ा, मलावर एवं किला अमरगढ़ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी तहसीलदारों को बटवारा प्रकरणों के साथ-साथ तरमीम की कार्यवाही भी समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए.

बाइक सवार के सिर को रौंदकर निकला डंपर

कटारियाखेड़ी से शराब लेकर जा रहा था, हादसे में गंवाई जान

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 18 मार्च, का. राजगढ़ रोड़ पर नगर से करीब 4 किमीदूर पर कटारियाखेड़ी से आगे अभयपुरा जोड़ के पास सड़क दुर्घटना में 30 वर्षीय युवक की मौके पर मौत हो गई. अज्ञात डंपर उसके सिर को रौंदता हुआ गुजर गया. टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई. डंपर का पहिया युवक के सिर के ऊपर से गुजर गया. हादसे में बाइक

बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उस पर रखे शराब के क्वार्टर सड़क पर बिखर गए. मृतक की पहचान कालीपीठ थाना क्षेत्र के लावाबे गांव निवासी दिनेश पुत्र अभय सिंह बंजारा (30) के रूप में हुई है. वह कटारियाखेड़ी से अपनी बाइक (एमपी 39 जेडजी 9560) पर शराब लेकर अपने गांव लौट रहा था. अभयपुरा जोड़ के पास कच्चे रास्ते से गांव जाने के लिए जैसे ही वह हाइवे पर मुड़ा, राजगढ़ की ओर से आ रहे एक डंपर ने उसे टक्कर मार दी. पुलिस मौके पर पहुंची. शव को ब्यावरा सिविल अस्पताल लाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया. देहात थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर



अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. देहात थाने के एएसआई गुलाब सिंह धाकड़ ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है और फरार डंपर की तलाश जारी है.

एमएसपी के लिए किसानों ने किया धरना प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 18 मार्च, का. भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति की आयोजित किसान पंचायत ने एमएसपी को लेकर सरकार की नीतियों के विरोध में ज्ञापन सौंपा. हालांकि जब कोई अधिकारी ज्ञापन लेने नहीं पहुंचा, तो किसानों ने विरोध जताते हुए एक गधे को ही अपना ज्ञापन सौंप दिया. यह किसान पंचायत शहर के श्री अंजनी लाल मंदिर परिसर में रखी गई थी. किसानों का कहना है कि उन्होंने एसडीएम और अन्य बड़े

अधिकारियों को पहले ही सूचना दे दी थी, लेकिन घंटों इंतजार करने के बाद भी कोई जिम्मेदार अधिकारी उनकी सुध लेने नहीं आया. यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राम जगदीश दांगी ने कहा कि किसान दिन-रात मेहनत करके सबका पेट भरता है, लेकिन उसे अपनी ही फसल की कीमत तय करने का हक नहीं है. साथ ही, फसल खराब होने पर उचित मुआवजा और खाद-बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं में सुधार की जरूरत है. इस मौके पर संगठन मंत्री केसर सिंह गुर्जर, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष भगवान सिंह पटेल और अन्य किसान नेता मौजूद रहे.

30 जून तक जिले के बाहर नहीं जाएगा पशु चारा

पशु चारे के निर्यात पर 30 जून तक प्रतिबंध

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 18 मार्च, का. उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें द्वारा बताया गया कि वर्तमान में रबी फसल की कटाई का कार्य प्रारंभ हो चुका है. जिसके उपरांत चारे भूसे की उपलब्धता पशुधन के लिये बनाये रखना आवश्यक है. मप्र राज्य के जिलों को छोड़कर अन्य राज्यों के जिलों में भूसे के परिवहन तथा ईंट भट्टों के ईंधन के रूप में चारे भूसे का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित किया जाना आवश्यक है. इस हेतु भूसे के परिवहन तथा ईट भट्टों के ईंधन के रूप में चारे भूसे का उपयोग पूर्ण प्रतिबंधित किये जाने का अनुरोध किया है. कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें के प्रतिवेदन एवं अन्य स्त्रोंतो की जानकारी के आधार पर ग्रीष्मकाल में जिले में पशुधन के लिये चारे की उपलब्धता आवश्यक है. यदि राजगढ़ जिले की सीमा के बाहर जिले से पशु चारा निर्यात प्रतिबंधित नहीं किया जाता है तो जिले में पशुधन के लिये चारा की कमी होगी, तथा चारा के बाजार मूल्य में अधिक वृद्धि होना संभावित है. ऐसी स्थिति में पशुओं का चारे के बिना भूखे रहने की स्थिति निर्मित हो सकती है. कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा मध्यप्रदेश पशु चारा (निर्यात नियंत्रण) आदेश 2000 के निहित प्रावधानों का प्रयोग करते हुए पशुओं के आहार के रूप में उपयोग में लाने वाले समस्त प्रकार के चारे, घास, भूसा एवं पशुओं के द्वारा खाये जाने वाले अन्य किस्म के चारे पर राजगढ़ जिले की राजस्व सीमा के बाहर निर्यात पर 30 जून, 2026 तक के लिये प्रतिबंध लगाया गया है साथ ही कोई भी कृषक, व्यापारी, व्यक्ति निर्यातक उपरोक्त क्रम में से किसी भी प्रकार के पशु चारे का किसी भी वाहन, मोटर, रेल, यान, नाव अथवा पैदल जिले के बाहर मेरे बिना अनुज्ञा पत्र के निर्यात नहीं करेगा. शासकीय उपयोग के लिये भूसा एवं पशु चारे का परिवहन संबंधित अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी की अनुमति से किया जाएगा.

भारतीय सेना भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

राजगढ़ 18 मार्च, का. सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल द्वारा अग्निपथ योजना के अंतर्गत भर्ती वर्ष 2027 के लिए अविवाहित पुरुष अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित तिथियों के भीतर आवेदन कर सकते हैं. जारी सूचना के अनुसार ऑनलाइन पंजीयन करने की अंतिम तिथि 1 अप्रैल 2026 है. ऑनलाइन परीक्षा की संभावित तिथियां 1 जून से 15 जून के बीच निर्धारित की गई हैं.

सकारात्मक सोच और समय प्रबंधन तनाव से मुक्त रखता है

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 18 मार्च, का. क्राईस्ट बीएड महाविद्यालय ब्यावरा में विद्यार्थियो के मानसिक स्वास्थ्य और परीक्षा के दौरन तनाव प्रबंधन के लिए ऑनलाइन मनोबल सत्र आयोजित किया गया. आयोजन आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश के निर्देश अनुसार किया गया. 13 मार्च को डॉ. तन्मय जोशी, 14 मार्च को मनोज कुमार शर्मा आईजी मुबई

पुलिस, 16 मार्च को सत्यसाई सेवा संगठन और 17 मार्च को डॉ. रितु नंदा मनोविज्ञान सागर द्वारा विद्यार्थियों का परीक्षा के समय तनाव मुक्त रहकर पढाई करने, मानसिक संतुलन बनाये रखने और अपने लक्ष्य पर केन्द्रित रहने के लिए प्रेरित करना है. सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में आई.पी.एस. अधिकारी मनोज कुमार शर्मा पुलिस महानिरीक्षक ने विद्यार्थियों का ऑनलाइन सम्बोधित किया. कार्यक्रम कार्डस्त महाविद्यालय के चेयरमेन डॉ सुशील कुमार प्रसाद के निर्देशन में एवं प्राचार्य डॉ. कविता मित्रा की उपस्थिति में आयोजित किया गया. तथा शासन का यत्र उत्तम कार्यक्रम सकारात्मक एवं सफल रहा.

सिनर्जी संस्थान द्वारा नाईहेड़ा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

जीरापुर 18 मार्च, सं. समीपवर्ती ग्राम नाईहेड़ा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ. सिनर्जी संस्थान एसबीआई फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में 273 ग्रामीणों के विभिन्न बीमारी सम्बंधित जांच की तथा उपचार दिया गया. शिविर में आसपास के तीन गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे. डॉक्टरों की टीम ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराई. इस दौरान रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन की जांच के साथ-

साथ गर्भवती एवं प्रसूता महिलाओं की विशेष जांच की गई. बच्चों की लंबाई एवं वजन मापकर उनके स्वास्थ्य की स्थिति का आकलन किया गया. साथ ही एचपीवी टीकाकरण के बारे में भी जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया गया. शिविर में डॉ. डीएस गुर्जर (बाल रोग विशेषज्ञ) द्वारा सेवाएं दी गई. कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि बलराम वर्मा, आशा कार्यकर्ता आशा किरार , सचिव संजय कुमार, कार्यकर्ता यशोदा मालवीय, भगवती गुप्ता एवं दोनों सहायिकाएं सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे. शिविर में सिनर्जी संस्थान की टीम का भरपूर सहयोग रहा, जिसमें जिला समन्वयक संतोष सेन सहित सभी टीम सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई.

निर्वाचन कार्य से अनुपस्थित पर निलंबन से किया बहाल

राजगढ़ 18 मार्च, का. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा कृषि विस्तार अधिकारी नरसिंहगढ़ श्रीमती निरमा यादव द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के दौरान नरसिंहगढ़ में निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया था. साथ ही श्रीमति निरमा यादव द्वारा आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 160 नरसिंहगढ़ के समक्ष प्रस्तुत कर बताया गया है कि उनकी 14 माह की छोटी बच्ची है जिसकी तबीयत अचानक खराब हो जाने के कारण अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती किये जाने के कारण निर्वाचन कार्य एइआरओ सेक्टर 19 में उपस्थित नही हो पाई थी. बच्ची के स्वास्थ खराब होने के कारण अपने कर्तव्य से विमुख रही.

फॉलोअप ▶ **मामला दोलाज गांव में कुएं से महिला के शव मिलने का, बेटी ने लगाए थे अपने पिता और दादा-दादी पर आरोप**

पति, सास-ससुर पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

ब्यावरा/खिलचीपुर 18 मार्च, का. बीते दिनों खिलचीपुर थाना क्षेत्र के दोलाज गांव में एक 45 वर्षीय महिला का शव कुंए में मिला था. इसके बाद महिला की बेटी ने अपने ही पिता और दादा-दादी को महिला की मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए गंभीर आरोप लगाए थे. मामले में पुलिस ने विवेचना करते हुए महिला के पति और सास, ससुर के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर दी है.

कुएं में मिली 45 वर्षीय ललता बाई की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में केस दर्ज किया है. जांच में सामने आए मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना के आरोपों ने मामले को नया मोड़ दे दिया है, हालांकि अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आना बाकी है.

पुलिस के अनुसार, परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों और प्रारंभिक जांच के आधार पर मृतिका के पति रोडमल (उर्फ रोड जी) दांगी, ससुर देवीलाल दांगी और सास बादाम बाई, निवासी दोलाज के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 108, 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है. पुलिस ने आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है. फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है.

गौरतलब है कि बीते 15 मार्च की सुबह महिला का शव कुंए में महिला था. कुंए के समीप उसकी साडी और चप्पलें भी मिली थी. मृतिका की बेटी गायत्री मां का शव देखते ही बिलख पड़ी और उसने अपने पिता, दादा और दादी पर हत्या के गंभीर आरोप लगाए. बेटी के इन आरोपों ने मामले को और अधिक संवेदनशील बना दिया है.

मायके पक्ष के लोगों का कहना है कि ललता बाई को शादी के बाद से ही ससुराल में लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताडति किया जा रहा था. कई बार विवाद और मारपीट के चलते वह मायके आकर रहने लगी थी, लेकिन बाद में समझौता कर फिर ससुराल लौट जाती थी. परिजनों का दावा है कि महिला लंबे समय से मानसिक दबाव में थी.

महिला से अभद्रता मामले में थाने में ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज, तलेन 18 मार्च, सं. मकान की दीवार तोड़ने के दौरान महिला से अभद्रता के मामले में हिन्दू संगठन के लोगों तलेन थाने पहुंचकर पुलिस प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है. आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से ज्ञापन देने वालों ने रोष जताया है. हिंदू समाज के लोग माहेश्वरी मंदिर में एकत्रित होकर पैदल तलेन थाने पहुंचे. इसमें व्यापारी वर्ग भी शामिल रहा. थाना प्रभारी राकेश दामले को जिला कलेक्टर व जिला पुलिस अधीक्षक राजगढ़ के नाम ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई की बीते रविवार व सोमवार को मनोज परतानी के मकान की दीवार तोड़ने व मनोज परतानी व उसकी भाभी किरण व पत्नी जामवंती के साथ अभद्रता के मामले में आरोपियों यूसुफ उर्फ युना, सिद्धिक लाल व सलमान (जैसा की ज्ञापन में बताया) पर कार्यवाही की मांग की है. मामले को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा विवेचना उपरांत दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही का आश्वासन दिया है.